सुविचार

'शिक्षा हमें वह पंख देती है, जो हमें ऊँचाइयों तक उड़ने की क्षमता देता है।'

# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल
का मासिक ई - न्यूजलेटर

tarangnews2024@gmail.com | माह- अप्रैल 2025 | अंक - 22 वां




## संदेश



बड़े हर्ष का विषय है कि वर्ष- 2025 का चौथा ई- न्यूज लेटर आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। यह ई- न्यूज लेटर महाविद्यालयीन गतिविधियों, छात्र उपलब्धि और आपकी प्रतिक्रियाओं का दर्पण है। 'नयी कलम से' स्तंभ आपकी रचनाओं के लिए हैं। 'स्टूडेंट कॉर्नर' में आप अपनी प्रतिक्रिया और सुझावों द्वारा इस ई- न्यूज लेटर को अधिक प्रभावी बना सकते हैं। 'तरंग स्टार' में प्रत्येक माह आपके किसी साथी को स्थान मिलता है। यह छात्र-प्रोत्साहन का अनूठा प्रयास है। मैं विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से अनुरोध करता हूँ कि इस ई- न्यूज लेटर 'तरंग' को और अधिक प्रभावी, समसामयिक और छात्रोपयोगी बनाने हेतु समय - समय पर अपने सुझाव प्रेषित करते रहें।

शुभकामनाओं के साथ ।

डॉ. संजय जैन
प्राचार्य

# महाविद्यालयीन गतिविधियाँ

## ‘उमंग’ उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत ‘योग एवं संतुलित भोजन’ विषय पर व्याख्यान का आयोजन




















01/03/2025 ‘उमंग’ उच्च शिक्षा स्वास्थ्य और कल्याण द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नि:शुल्क स्वास्थ्य चेकअप ‘जिंदल हॉस्पिटल भोपाल’ के सी.ई.ओ डॉ.वी.के. रिछारिया द्वारा किया। इस कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी श्रीमती सुषमा तिवारी एवं प्रभारी डॉ. मीता बादल द्वारा किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. संजय जैन एवं समस्त प्राध्यापकों ने अपना नि:शुल्क स्वास्थ्य चेकअप कराया। जिसमें बी.पी., शुगर, एंथ्रोपोमेट्रिक माप का चेकअप किया गया। डॉ. रिछारिया के परामर्श द्वारा चेकअप और फॉलो अप की जानकारी दी, इसके साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी चेकअप करा कर निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप का लाभ लिया। इस शिविर में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने अपना चेकअप कराया।


## ‘Official Procedure, Life Skills & I. T. Tools’ विषय पर 5 दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन











महाविद्यालय में विश्व बैंक परियोजना के तत्वाधान में सेडमेप द्वारा **‘Official Procedure, Life Skills & I. T. Tools’** विषय पर महाविद्यालयीन स्टॉफ के लिए पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसके उदघाटन अवसर पर श्री प्रमोद शर्मा, पूर्व संचालक वित्त विभाग म.प्र. शासन ने मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा इस प्रशिक्षण से निश्चित ही स्टाफ की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी और अपने शासकीय दायित्व निष्पादन में आ रही कठिनाईयों के व्यवहारिक मार्गदर्शन मिलेगा। 7 मार्च तक आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रूसा प्रभारी डॉ. उमेश कुमार साकल्ले के संयोजन में आयोजित किया गया।

# भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्वावधान में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन






04/3/2025 राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार त्रैमासिक कैलेंडर की गतिविधियों को संचालित करते हुए आज कार्यक्रमों की श्रृंखला राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर आयोजित की गई जिसमें मुख्यतः *राष्ट्रीय सुरक्षा* विषय पर विस्तार से स्थानीय प्रशासन के मुख्य वक्ता डीएसपी संजय कुमार अग्रवाल जी द्वारा व्याख्यान दिया गया आपके द्वारा राष्ट्रीय स्तर राज्य स्तर और स्थानीय स्तर पर किस प्रकार से सुरक्षा मुहैया कराई जाती हैं पुलिस की जवाबदारियां और सामान्य नागरिकों के लिए उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और हमें अपनी सुरक्षा कैसे करनी चाहिए। सब इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह थाना गोविंदपुरा एवं एस आई सोनिया पटेल गोविंदपुरा थाना प्रभारी द्वारा विस्तार से बच्चों के प्रश्नों का हल किया गया और इस व्याख्यान में छात्राओं को भी कुछ अपनी सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की और कुछ विशेष नंबर भी प्रदान किए गए जिससे वह अपनी सुरक्षा कर सके, एस आई सोनिया पटेल के सहायक के रूप में आरती और कविता रही। पर्यावरण सामाजिक और शासन (ई.एस.जी ) की उत्कृष्ट के लिए सुरक्षा नेतृत्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन कार्यक्रम में उद्बोधन दिया और बच्चों को सामाजिक सुरक्षा बारे में अवगत कराया किया ,भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. समता जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया है एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम की आयोजन पुलिस विभाग के पधारे आदरणीय DCP श्री संजय कुमार अग्रवाल जी जोन 2 की उपस्थिति में संपन्न करवाया गया । इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़ - चढ़ कर के भाग लिया । विद्यार्थियों मे तेजपाल अहिरवार बीए प्रथम वर्ष, रुचि उमरे बीए प्रथम वर्ष कान्ति नवरंगी बीए द्वितीय वर्ष आरती शाह बीए द्वितीय वर्ष तृषा साहू बीए प्रथम वर्ष कुमकुम जाटव बीए प्रथम वर्ष ,हनी वर्मा बीए प्रथम वर्ष ने भाग लिया और पर्यावरण पर सामाजिक स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय *राष्ट्रीय सुरक्षा* पर करवाया गया । नैना मालवीय,शिवम सराठे,जितेश अहिरवार,जतिन जोशी, एवं देव साहू ने विशेष स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के तीसरे चरण में साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान एवं प्रेरणादायक लघु वीडियो आयोजन समिति द्वारा डॉ मीता बादल डॉक्टर अर्चना जैन, डॉ सीमा श्रीवास्तव डॉ उमेश साकल्ले,डॉ इला रानी श्रीवास्तव,डॉ वर्षा चौहान,श्रीमती पूनम बरबड़े ,सुश्री मोनिका सिंह डॉ निर्मला शुक्ला डॉक्टर सौरभ सिंह, आरती पटेल आदि प्राध्यापकों की उपस्थिति रही लघु सुरक्षा मूवी विद्यार्थियों को दिखाई गई । विद्यार्थियों को अपनी सुरक्षा का कैसे करनी चाहिए इस वीडियो के द्वारा प्रेरणा दी गई । कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा की गई। कार्यक्रम के अंत में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ समता जैन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# 'उमंग' उच्च शिक्षा स्वास्थ्य और कल्याण के द्वारा आयोजित सहज






08/3/2025 **'उमंग'** उच्च शिक्षा स्वास्थ्य और कल्याण के द्वारा आयोजित सहज* योग ध्यान के अंतर्गत व्याख्यान और ध्यान कराया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती शैलजा पंडित ने बताया कि ध्यान स्वयं से जुड़ने की एक सरल विधि है, जिससे व्यक्ति को मानसिक शांति मिलती है एवं जीवन के प्रति एक सकारात्मक सोच मिलती है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने एवं लगभग 50 विद्यार्थियों ने इसका लाभ उठाया। इस कार्यक्रम से सभी प्राध्यापक एवं लगभग 50 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

# महाविद्यालय में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन






08/03/2025 को महाविद्यालय में महिला दिवस समारोह बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्यान एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। श्रीमती शैलजा पंडित के व्याख्यान द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत हुई । उन्होंने सहज योग का महत्व महिलाओं की जीवन शैली में जरूरी है उसके बारे में बताया । उसके पश्चात डॉ. इलारानी श्रीवास्तव के भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने महिलाओं की उपलब्धियों और उनके समाज में योगदान पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्राध्यापक डॉ.मीता बादल ने अपने परिवार के साथ अपनी सेहत का ध्यान भी रखना चाहिए । इसके बाद हास्य खेलों की शुरुआत हुई, जिसमें प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों में शामिल कुछ प्रमुख गतिविधियाँ थी। मार्बल्स गेम्स ,लक्की डाइस गेम्स और अंताक्षरी। इन खेलों में प्राध्यापकों ने बड़े जोश और हंसी-खुशी के साथ भाग लिया। पूरे कार्यक्रम में सभी के चेहरों पर मुस्कान और ऊर्जा देखने को मिली। खेलों ने सभी को तनावमुक्त किया और महाविद्यालय के वातावरण को और भी जीवंत बना दिया।कार्यक्रम का समापन विजेताओं को पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने वाला रहा।

# महाविद्यालय में संविधान का अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजन










08/03/2025 संविधान का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ.भुवनेश्वरी स्वामी प्राध्यापक राजनीति विज्ञान शासकीय गीतांजलि महाविद्यालय के द्वारा संविधान में निहित आदर्श विषय पर व्याख्यान दिया गया एवं संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया व्याख्यान में संविधान में निहित आदर्श अधिकार,कर्तव्य,सामाजिक आर्थिक न्याय अवसर की समता नीति निदेशकतत्व आदि अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सारगर्भित व्याख्यान से विद्यार्थी लाभान्वित हुए महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. चारूलता राठौर द्वारा संविधान के आदर्शो के प्रतिनिष्ठा बनाए रखने के लिए एवं उनका पालन करने के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. गरिमा जाउलकर एवं डॉ. अनुपमा यादव द्वारा विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों के प्रति निष्ठा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थी के द्वारा संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ का वचन किया गया। इस समय 53 विद्यार्थी उपस्थित थे ।

# बाबूलाल गौर शोध केन्द्र की शोधार्थी खुशबू पैगवार को हुई पीएच.डी. अवार्ड





08/03/2025 भारत वर्ष में आयुष उत्पादों की विपणन **व्यूह रचना का मूल्यांकन: 'पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड एवं डाबर इंडिया लिमिटेड के विशेष संदर्भ में'** शीर्षक पर बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल शोध केन्द्र के रिसर्च गाइड डॉ. संजय जैन (प्राचार्य) के गाइडेंस में शोध कर रही शोधार्थी खुशबू पैगवार द्वारा वाणिज्य विषय में पीएच.डी. हेतु बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल में आयोजित Viva voce बाह्य परीक्षक प्रो डॉ.सोमेश कुमार शुक्ला लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ उपस्थित रहे । खूशबू पैगवार को रिसर्च गाइड डॉ. संजय जैन (प्राचार्य) के गाइडेंस में पीएच.डी. की उपाधि मिली। रिसर्च गाइड डॉ. संजय जैन (प्राचार्य) द्वारा उन्हें पीएच.डी. उपाधि मिलने पर शुभकामनाएँ दी ।

# भेल कॉलेज में वार्षिकोत्सव विहान की धूम

10/03/2025 को महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव विहान का उद्घाटन महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार जी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं श्रीया विश्वकर्मा,प्राची विश्वकर्मा,सुमन रघुवंशी द्वारा मां सरस्वती वंदना सस्वर प्रस्तुत की गयी । कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन के द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों के प्रतिवेदन का वाचन किया गया। उन्होंने कहा कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन इस महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा है। मुख्य अतिथि श्री बारेलाल अहिरवार जी ने कहा कि विहान वार्षिक स्नेह सम्मेलन विद्यार्थियों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। विद्यार्थियों को इसमें सक्रिय सहभागिता करना चाहिए । इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को देश विरोधी शक्तियों से सावधान रहने का आह्वान किया । छात्र संघ प्रभारी डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन के आयोजन की रूप रेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला ।उद्घाटन के पश्चात् ओपन माइक, कारपोरेट वॉक, मॉम्स मैजिक, हेयर स्टाइल और मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. सुषमा जादौन, डॉ. अनुराधा दुबे, डॉ चारुलता राठौड़, डॉ. गरिमा जाउलकर डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ अनुपमा यादव, डॉ. मीता बादल, डॉ अंजना अग्रवाल, डॉ. पी.एन. राज, डॉ. उमेश साकल्ले, प्रो चित्रा खरे, डॉ. अर्चना जैन डॉ. कमलेश सिंह नेगी, डॉ.सीमा श्रीवास्तव, डॉ.वर्षा चौहान, डॉ. समता जैन, डॉ.इलारानी श्रीवास्तव एवं सभी अतिथि विद्वान और विद्यार्थियों ने प्रतिभागी और श्रोता बनकर इस कार्यक्रम का आनंद लिया । इस प्रकार वार्षिक स्नेह सम्मेलन विहान का उद्घाटन सत्र सम्पन्न हुआ । कल विद्यार्थियों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। डॉ.वर्षा चौहान ने इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

**ओपन माइक: प्रथम स्थान- मनन दीक्षित, द्वितीय स्थान – रूचिर रावत , तृतीय स्थान – तनु चौहान , कारपोरेट वॉक: प्रथम स्थान- पायल ठाकुर, द्वितीय स्थान- मनन दीक्षित, तृतीय स्थान- पारूल ठाकुर, मॉम्स मैजिक: प्रथम स्थान- प्राची विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान- निकिता ठाकुर, तृतीय स्थान- नितिन कुमार, हेयर स्टाइल: प्रथम स्थान- सुमन केवट, द्वितीय स्थान- ताकेश्वरी, तृतीय स्थान- तनु चौहान, मेंहदी: प्रथम स्थान- प्राची विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान- स्नेहा साहू, तृतीय स्थान- सौम्य विछेले ने प्राप्त किया।**













# भेल कॉलेज में वार्षिकोत्सव विहान की धूम

11/03/2025 महाविद्यालय में आयोजित विहान वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन 11 मार्च 2025 को विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, रंगोली, अंताक्षरी और पेपर ड्रेस जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से उत्साह, उमंग और सकारात्मकता की त्रिवेणी प्रवाहित की गयी। इस बार एनुअल फंक्शन में रंगोली का विषय मेरा मध्यप्रदेश रखा गया। रंगोली में प्रथम पलक ठाकुर, द्वितीय तनु चौहान और तृतीय निकिता ठाकुर रहीं। रंगोली के प्रतिभागियों ने परंपरागत और आधुनिक तरीकों से मध्यप्रदेश को दर्शाने का सार्थक प्रयास किया। अगली प्रतियोगिता पेपर ड्रेस थी।पेपर की बनी हुई ड्रेस पहने प्रतियोगियों को देखकर दर्शक और निर्णायक भी प्रभावित हुए बिना न रह सके। ऐसा लगा ,जैसे प्रतिभागियों की कल्पना शक्ति को इस आयोजन ने पंख प्रदान कर दिए हों। इस प्रतियोगिता में तनु ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राची, तृतीय स्थान शशि वंशकार ने प्राप्त किया ।एकल नृत्य के प्रतिभागियों ने जहां भारतीय त्यौहार के रंग बरसाए, वहीं समूह नृत्य में लोक नृत्य की छटा बिखेरी गयी। एकल डांस में पायल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर श्रीया विश्वकर्मा और तृतीय स्थान पर पारुल रहीं। समूह नृत्य की सभी प्रस्तुति आनंदमय रहीं। अंतिम प्रस्तुति के रूप में अंताक्षरी का आयोजन किया गया।अंताक्षरी प्रतियोगिता में कॉमर्स, आर्ट्स, विज्ञान और ऑफिस स्टॉफ के साथ विद्यार्थियों ने भी अपनी अपनी टीम को जिताने के लिए फिल्मी गीतों के नए, पुराने रूप प्रस्तुत किए। समापन होली गीत के सामूहिक गायन से हुआ। छात्रसंघ प्रभारी डॉ.कीर्ति श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।










# महाविद्यालय में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं कार्यक्रम आयोजन


12/03/2025 एवं 13/03/2025 को महाविद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद उत्सव प्रारंभ हुआ। "स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क आज की सबसे महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है। युवाओं को पढ़ाई लिखाई के साथ स्वस्थ और बलवान रहना जरूरी है ।"यह बात प्रभारी प्राचार्य डॉ. चारूलता राठौर ने कही। वार्षिकोत्सव विहान में खेल कूद की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। नींबू रेस, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, म्यूजिकल चेयररेस और बॉलीबॉल इस उत्सव के प्रमुख आकर्षण रहे। शतरंज बौद्धिक क्षमता और विद्यार्थियों की एकाग्रता को प्रदर्शित करने वाला खेल है। इन सभी प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। दर्शक दीर्घा में स्टूडेंट्स के साथ प्राध्यापकों ने भी अपनी उपस्थिति से उत्साह और खेल भावना में वृद्धि की। क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती सुषमा तिवारी ने बताया कि वार्षिक उत्सव का उद्देश्य खेलकूद के आयोजन से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करना है। विद्यार्थियों में शैक्षणिक, मानसिक विकास के साथ साथ जीतने की भावना, टीम भावना का बलवती होना इस उत्सव की सफलता है। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने सहभागिता और उमंग के प्रदर्शन से खेलकूद की सार्थकता सिद्ध की। पूरा महाविद्यालय खेल उत्सव के रंगों से सराबोर रहा।




















# इनोवेट एम.पी.मिशन के तहत सृजन पोर्टल के शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय से की गई सहभागिता






12/03/2025 राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्री श्री इन्द्र सिंह परमार जी द्वारा इनोवेट एम.पी मिशन के तहत सृजन पोर्टल का शुभारंभ किया गया जिसमें महाविद्यालय से डॉ. अविनाश मिश्रा एवं सौरव सिंह उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन




महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजित किया गया। मेरा युवा भारत के लिए युवा डिजिटल साक्षरता के लिए युवा ग्राम पीरिया खजूरी कला में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजन प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक अनन्त सक्सेना और मुक्त कार्यक्रम इकाई के अध्यक्ष राहुल परिहार, डॉ. समता जैन तथा बालिका इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता चौहान के नेतृत्व में आयोजित हुआ। बौद्धिक सत्र उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि थाना खजूरी कला डीएसपी प्रिया सिंधी, उमेश सिंह चौहान, गोविंदपुर थाना सहायक अवर निरीक्षक सोनिया पटेल तथा बबीता धनवारे थाना गोविंदपुरा महिला कांस्टेबल ललित गौर, दत्तोपंत ठेंगडी शोध संस्थान के रिसर्च स्कॉलर आशुतोष मालवीय एनएनएस अवार्ड 2020, पिंकी जिवलानी, आईजी महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय भोपाल अजय सिंह परिहार आरडीसी और अन्य अतिथियों दम स्वयंसेवकों को उद्बोधन कर मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रोफेसर सीमा श्रीवास्तव, प्रोफेसर अनुराधा दुबे, श्रीमती प्रतिभा डेहरिया,डॉ.अविनाश मिश्रा, प्रोफेसर गरिमा जाउलकर, प्रोफेसर अनुपमा यादव, प्रोफेसर कीर्ति श्रीवास्तव, प्रोफेसर चारुलता राठौर, श्रीमती प्रीति जौहरी, डॉक्टर स्मृति चौहान, आरती पटेलए व सौरभ सिह डॉ कमलेश नेगी, राधेश्याम मीणा, हरिनारायण, मोहित मालवीया आदि ने अपनी उपस्थिति देकर एनएसएस के कैम्प को सफल बनाया।

# महाविद्यालय में हुई पुस्तक पर चर्चा







25/03/2025 बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में हिंदी विभाग द्वारा स्वरचित काव्य पाठ हिंदी भाषा लेखन कौशल एवं साहित्यिक गोष्ठी हिन्दी विभाग की प्राध्यापक डॉ.सुषमा जादौन की नयी पुस्तक स्मृतियों में तुम फिर से...... को केंद्र में रखकर आयोजित की गयी। सर्वप्रथम अतिथियों को नव पल्लवित पौधा भेंट करके उनका स्वागत किया गया। महाविद्यालय की छात्रा स्वीटी अहिरवार ने स्वरचित साहित्य मंच के का विस्तार से परिचय दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य कक्षा अध्यापन के साथ साथ नवीन प्रविधियों से ज्ञानार्जन करना है। स्वरचित साहित्य मंच नयी शिक्षा नीति की भावनाओं के अनुरूप कार्य करती है। स्मृतियों में तुम पुस्तक जीवन की गहरी संवेदना की अभिव्यक्ति है। विद्यार्थी इस कार्यक्रम के माध्यम से जो भी सीखेंगे वही इस कार्यक्रम की उपलब्धि रहेगी। राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ.गरिमा जाउलकर ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्मृतियों में तुम फिर से पुस्तक की लेखिका डॉ सुषमा जादौन की इस पुस्तक में उनकी बिटिया अर्पिता की भावनात्मक स्मृतियों की अभिव्यक्ति है। एक मां जो हमेशा अपने बच्चों के साथ जुड़ी रहती है उसका जीवंत दस्तावेज है। लेखिका ने अपनी अभिव्यक्ति को जिस कलात्मकता के साथ अभिव्यक्त किया है वह हिंदी साहित्य की अनमोल धरोहर है। डॉ. अनुपमा यादव ने कहा कि जीवन में सभी रिश्ते महत्वपूर्ण होते हैं लेकिन मां बेटी का रिश्ता विलक्षण होता है जहां एक मां बेटी के साथ सहेली, दोस्त और ममत्व भी समाहित होता है। बेटी की पेंटिंग के यादों में संजोना लेखिका डॉ सुषमा जादौन की साहित्यिक अभिव्यक्ति है। स्मृतियों, भावनाओं से जोड़ने की बेजोड़ रचना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.एच. आर. रैदास जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि लेखिका डॉ.सुषमा जादौन ने अपनी लेखनी के माध्यम से नव चेतना का संचार किया है। करुणा का भाव मनुष्य को चैतन्य बनाता है। स्मृतियों में तुम फिर से पुस्तक की तरंग पाठक को झकझोर देती हैं। भारतीय दर्शन में दुःख सर्वत्र व्याप्त है। सुख क्षणिक अभिव्यक्ति है। संसार में साहित्य का जन्म करुणा से ही हुआ है। सुषमा जादौन की पुस्तक में भावनाओं का प्रवाह है। कारुणिक अभिव्यक्ति है। मां बेटी के मध्य इस पुस्तक में जीवंत संवाद है। प्रकृति के उपादानों के माध्यम से अपने भावों को प्रकट किया है। भावों का संवाद विराट फलक पर प्रतिबिंबित होता है। भावनाओं की अभिव्यक्ति इस मां बेटी के बेहतरीन संवादों से परिपूर्ण करके पुस्तक को पूर्णता प्रदान की है। इस प्रकार हिंदी के पाठकों को इस रचना का अध्ययन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीता राज ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में हिंदी के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 'पर्यटन और होटल प्रबंधन में आधुनिक प्रवृतियाँ और रोजगार की संभावनाओं' विषय या संगोष्ठी आयोजित




25/03/2025 बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में यात्रा, पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग द्वारा 'GIS-2025 : पर्यटन और होटल प्रबंधन में आधुनिक प्रवृतियाँ और रोजगार की संभावनाओं'विषय पर आयोजित संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञ प्रो. ललित गौड़ ने बताया कि जीआईएस-2025 के तहत भारत में 2025 के अंत तक पर्यटन उद्योग में 4.6 करोड़ लोगों के लिये रोजगार अवसर निर्मित होने की संभावनाएँ है तथा पर्यटन और होटल प्रबंधन क्षेत्र में 68 करोड़ रूपये निवेश के प्रस्ताव आये है, जिससे इस क्षेत्र में नौकरी के साथ-साथ युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों की भी अपार संभावनाएँ बढ़ गई है।

प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि आर्थिक समृध्दि के साथ लोगों में घूमने-फिरने का प्रचलन बढ़ा है। इससे इस क्षेत्र के शिक्षित युवाओं के रोजगार अवसरो में वृध्दि हुई है। शासकीय संस्थानों से पर्यटन एवं होटल प्रबंधन की डिग्री या डिप्लोमा संबंधी पाठ्यक्रमों से विद्यार्थियों को रोजगार मिलने की संभावनाएँ और अधिक बढ़ जाती है।

विषय विशेषज्ञ एवं संगोष्ठी संयोजक प्रो. अनुपमा गीते ने बताया कि इस क्षेत्र में विविधता के कारण रोजगार अवसरों मे तेजी से वृद्धि हो रही है क्योंकि फिल्म टूरिज्म, क्रूज टूरिज्म, मेडीकल टूरिज्म, इवेंट टूरिज्म, रिलिजियस टूरिज्म, हिस्टोरिकल टूरिज्म, मेडीटेशन और योगा टूरिज्म आदि की प्रवृतियाँ बढ़ रहीं है। पर्यटन विभाग के पूर्व डीजीएम एवं विषय विशेषज्ञ श्री महेश दीक्षित ने कहा कि मेडीटेशन और योग क्षेत्र में भी पर्यटन को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। भारत के इस क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को विश्वभर में कॅरियर बनाने की संभावनाएँ रहती है। विषय विशेषज्ञ श्रीमती मधुमिता नंदी ने अतिथि सत्कार, होटल उद्योग में फ्रंटडेस्क प्रबंधन, बिक्री और विपणन प्रबंधन, खाद्य एवं पेय प्रबंध एवं कई अन्य कॅरियर अवसरों पर जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ डॉ. ऊषा परिहार ने बताया कि म.प्र. का पर्यटन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। इससे नये-नये रोजगार सृजित हो रहे है। हर्बल और जड़ी-बूटियों की दृष्टि से मध्यप्रदेश बहुत समृध्द है, इससे भी मध्यप्रदेश के पर्यटन को प्रोत्साहन मिल रहा है। संगोष्ठी का संचालन एवं आभार संयोजक प्रो. अनुपमा गीते ने किया तथा विषय विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. राजकुमार शर्मा, डॉ. अविनाश कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एण्ड वेलनेस का कार्यक्रम आयोजन












29/3/2025 को महाविद्यालय में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संजय जैन, समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम का मुख्य व्याख्यान डॉ. चन्द्रशेखर विश्वकर्मा जी द्वारा दिया। इस कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी श्रीमती सुषमा तिवारी के द्वारा किया गया । प्राचार्य डॉ. संजय जैन के द्वारा विद्यार्थियों को आशीर्वचनों के साथ उद्बोधन दिया। व्याख्यान का विषय नाड़ी से कैस अपने शरीर को बीमारियों को कैसे पता लगा सकते जानकारी दी । कार्यक्रम के अंत में भी नोडल अधिकारी श्रीमती सुषमा तिवारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# स्टूडेंट कॉर्नर

## नयी कलम से............

संघर्ष ही जीवन का हिस्सा है,
मंजिल ही जीवन का किस्सा है।
विद्यार्थी बन मंजिल को पाना है,
राही बन मंजिल तक जाना है।

असफलता ही इनके जीवन का हिस्सा है,
सफलता ही इनके जीवन का किस्सा है।
मां के सपनों को पूरा करना है,
पिता के उम्मीदों पर खरा उतरना है।

दूसरों से पहले इन्हें खुद को जिताना है,
दूसरों से पहले इन्हें लक्ष्य को भेदना है।
रातों से इन्हें लड़ना पड़ता है,
खुद को इन्हें जिताना पड़ता है।

संघर्ष ही जीवन का हिस्सा है,
मंजिल ही जीवन का किस्सा है।
कलम टूट जाती है, मुश्किलें भी हार जाती हैं
इन विद्यार्थियों के सामने, मुसीबतें भी झुक जाती हैं

मुसीबतों को आसानी से झेल लेते हैं,
उलझनों को आसानी से सुलझा लेते हैं।
विद्यार्थियों का दर्पण पुस्तक हैं,
श्रृंगार इनका विद्या है

आदर्शवादी चंचलता सहनशीलता,
यही इनका परिधान है
हम विद्यार्थियों की यही पहचान है,
न कोई जाति है नहीं कोई धर्म।

क्योंकि हम विद्यार्थी हैं।
इतने मजबूत हैं हौसले,
टूट जाये पहाड़ पर नहीं टूटेगा हम विद्यार्थियों का हौसला।
संघर्ष ही जीवन का हिस्सा है,
मंजिल ही जीवन का किस्सा है।

कुमकुम शर्मा
बी.कॉम.प्लेन, द्वितीय वर्ष

## प्रतिक्रियाएँ ई-मेल द्वारा प्राप्त

मार्च माह का ई-न्यूज लेटर पढ़कर बहुत अच्छा लगा, मेरा विशेष अनुरोध है कि छात्र-छात्राओं की रचनाएं अधिक से अधिक प्रकाशित करें ।

कुमकुम शर्मा
बी.कॉम.प्लेन, द्वितीय वर्ष

मुझे 'तरंग' का माह- मार्च का अंक बहुत अच्छा लगा। 'सर्जना' पत्रिका की तरह यह भी हमारी साहित्यिक अभिरुचि को बढ़ावा दे रहा है। संपादन मंडल को धन्यवाद

श्रीया विश्वकर्मा
बी.ए. तृतीय वर्ष

# तरंग स्टार




महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'विहान' के अंतर्गत आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में नींबू रेस में अभिषेक कुशवाहा, बी.ए. द्वितीय वर्ष विजेता रहे ।




महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'विहान' के अंतर्गत आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में नींबू रेस में स्वीटी अहिरवार बीए तृतीय वर्ष उपविजेता रही ।

## आगामी कार्यक्रम

- विश्व स्वास्थ्य दिवस
- अम्बेडकर जयंती
- विश्व विरासत दिवस
- पृथ्वी दिवस
- विश्व पुस्तक दिवस
- भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की गतिविधियाँ

## संपादक की पाती

माह अप्रैल 2025 का ‘ तरंग ’ अंक आपके हाथों में है। यह अंक आपको कैसा लगा, हमें अवश्य बताएँ । आपकी टिप्पणी / सुझावों की हमें प्रतीक्षा रहेगी । विद्यार्थी अपनी रचनाएँ, सुझाव, प्रतिक्रिया और उपलब्धि ‘स्टूडेंट कॉर्नर’ के लिये tarangnews2024@gmail.com पर मेल कर सकते हैं।

सौजन्य ई-न्यूजलेटर समितिः- डॉ. सुषमा जादौन (संयोजक)
डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ. मीता बादल
सुश्री आकांक्षा शर्मा (कम्प्यूटर वर्क)